Helpline 1064

94135-02834

# कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- टोंक के पुलिस थाना दत्तवास में सहायक उप निरीक्षक 25,000/- रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार।

जयपुर, दिनांक 08 मई, 2026। ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर ए.सी.बी. चौकी जयपुर-नगर तृतीय जयपुर इकाई द्वारा आज कार्यवाही करते हुये **आरोपी गणेश नारायण चौधरी हाल एएसआई, पुलिस थाना दत्तवास जिला टोंक** को **25,000/- रुपये** रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के **महानिदेशक श्री गोविन्द गुप्ता** ने बताया कि ए.सी.बी. चौकी जयपुर नगर तृतीय जयपुर को एक शिकायत इस आशय की मिली कि परिवादी के विरूद्ध पुलिस थाना दत्तवास जिला टोंक में दर्ज प्रकरण संख्या 50/26 में की गई मदद तथा कब्जा पुलिस लिये गये मोबाईल लौटाने की एवज में आरोपी द्वारा 25,000/- रूपये रिश्वत की राशि की मांग करने के तथ्य प्रकट हुए।

जिस पर एसीबी जयपुर के **उप महानिरीक्षक द्वितीय श्री ओमप्रकाश मीणा** के सुपरवीजन में ए.सी. बी. जयपुर नगर तृतीय जयपुर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री ज्ञान प्रकाश नवल** के नेतृत्व में **उप अधीक्षक पुलिस श्री सुरेश कुमार स्वामी** एवं टीम के ट्रेप कार्यवाही करते हुए आरोपी गणेश नारायण चौधरी एएसआई पुलिस थाना दत्तवास जिला टोंक को 25,000/- रुपये रिश्वत राशि लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया है।

एसीबी की **अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव एवं महानिरीक्षक श्रीमती एस. परिमला** के सुपरवीजन में आरोपी गणेश नारायण चौधरी एएसआई से पूछताछ तथा कार्यवाही जारी है। एसीबी द्वारा मामले में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के अन्तर्गत प्रकरण दर्ज कर अग्रिम अनुसंधान किया जायेगा।